अधीक्षण अभियंता का कार्यालय
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियां

निरीक्षण प्रतिवेदन

दिनांक:–21.04.2026 को अधोहस्ताक्षरी द्वारा पथ प्रमंडल, किशनगंज अंतर्गत भारत – नेपाल सीमा सड़क परियोजना के अधीन फतेहपुर से गलगलिया भाया पीलटोला पथ (कुल लं0– 79.50 कि0 मी0) का निरीक्षण किया गया एवं आवश्यक निदेश दिए गए:–

उपस्थित पदाधिकारी–

1–ई0 इरफान अली, अधीक्षण अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ अंचल, पूर्णियाँ
2–ई0 फरीद अहमद, सहायक अभियंता(प्र0 प्राक्कलन पदाधिकारी, पथ अंचल, पूर्णियाँ
3–ई0 प्रतीक कुमार, सहायक अभियंता , पथ अवर प्रमंडल, बहादुरगंज
4–संवेदक प्रतिनिधि–श्री जयदीप कुमार, हिमांशू

उक्त पथ की लंबाई 79.50 कि0मी0 एवं चौड़ाई 7.00 मी0 है। उक्त कार्य की मूल प्रशासनिक स्वीकृति रू0 25877.00 लाख मात्र एवं पुनरीक्षित प्रशासनिक स्वीकृति ADG(B)/BFR CELL/(AA & ES)/2024/825 DATE- 28-08-2024 द्वारा रू0 37767.00 लाख मात्र है। उक्त कार्य के मूल एकरारनामा की राशि रू0 23646.00 लाख मात्र है एवं यह कार्य JKM INFRA PROJECTS LTD को आवंटित है। कार्य प्रारंभ की तिथि 26.04.2013 हैं एवं एकरारनामा के अनुसार कार्य समाप्ति की तिथि 25.10.2015 निर्धारित थी। उक्त योजना को दिनांक–30.06.2026 तक समयवृद्धि प्राप्त है।

निरीक्षण के दौरान पथ में निम्नलिखित स्थिति पाई गई:–

1. निरीक्षण के दौरान चैनेज 153 पर पुल निर्माण निगम द्वारा उच्च स्तरीय पुल पर Approach road में मिट्टी का कार्य पाया गया, जिसे शीघ्र GSB, WMM एवं Bituminous कार्य करने हेतु निर्देशित किया गया।
2. पथ के चैनेज 106 + 700, 99 + 162, 96 + 575, 84 + 860, 88 + 135, 94 + 910, 78 + 600 उच्च स्तरीय पुल का कार्य पूर्ण पाया गया।
3. पथ के कई स्थान पर Shoulder में कम मिट्टी पाया गया। संवेदक प्रतिनिधि को Shoulder एवं Edge drop की मरम्मति का निर्देश दिया गया।
4. पथ में निर्माणाधीन Culvert पर Railing एवं Painting का कार्य नही किया गया था। Railing एवं Painting का कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।
5. पथ के चैनेज 74 + 975 पर पुल के Sab Structure का कार्य पूर्ण पाया गया। Super Structure में girder का कार्य पूर्ण पाया गया। Deck Slab का कार्य प्रगति में पाया गया। कार्य में तीव्रता लाने का निर्देश स्थल पर संबंधित अभियंता एवं संवेदक प्रतिनिधि को दिया गया।
6. पथ के चैनेज 82 + 600 (कनकई नदी) पर पुल का कार्य प्रगति पर पाया गया है। परन्तु कार्य काफी धीमी गति से किया जा रहा था। वर्त्तमान प्रगति से ऐसा प्रतीत हो रहा है कि कार्य ससमय पूर्ण नहीं होगा।
7. पथ के चैनेज 93 + 050 पर पुल का कार्य बन्द पाया गया। जिसे शीघ्र प्रारंभ करने हेतु निर्देशित किया गया।

निरीक्षण के दौरान प्रमंडलीय अभियंताओं एवं संवेदक प्रतिनिधि को पथ में चल रहे कार्यों को तीव्र गति से कराते हुए ससमय पूर्ण करने का निर्देश दिया गया।

22-4-26

अधीक्षण अभियंता
प0 नि0 वि0, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

Scanned with OKEN Scanner

ज्ञापांक– 463 दिनांक– 22/04/2026

प्रतिलिपि :– कार्यपालक अभियंता, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, किशनगंज को सूचनार्थ प्रेषित। निदेश दिया जाता है कि कार्य को तीव्र गति से कराते हुए योजना को ससमय पूर्ण कराना सुनिश्चित किया जाय।

22-4-26

अधीक्षण अभियंता

प० नि० वि०, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

ज्ञापांक– 463 दिनांक– 22/04/2026

प्रतिलिपि :–मुख्य अभियंता, सीमांचल उपभाग, पथ निर्माण विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ समर्पित।

22-4-26

अधीक्षण अभियंता

प० नि० वि०, पथ अंचल, पूर्णियाँ।

Scanned with OKEN Scanner